आईसीएमआर-राष्ट्रीय मेलिरिया अनुसंधान संस्थान
भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
(स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग)
सेक्टर-8, द्वारका, नई दिल्ली-110077, भारत
दूरभाष सं. :+91-11-25307103, 25307104, 25361092, 25361093
वेबसाइट : nimr.icmr.org.in

**सरकार ऐसा कार्यबल बनाने की दिशा में प्रयासरत है जो लिंग संतुलन दर्शाता हो एवं महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने हेतु प्रोत्साहित किया करता हो"**

विज्ञापन सं. एनआईएमआर/परामर्शक/एडमिन-एकाउंट/2021/33 दिनांक -13.09.2021

## परामर्शक लेखा पद हेतु रिक्ति अधिसूचना

आईसीएमआर-एनआईएमआर, सैक्टर-8, द्वारका, नई दिल्ली में आईसीएमआर दिशानिर्देशों एवं वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग, ओएमएफ 3-25/2020-ई/IIIए दिनांकित 09.12.2020 एवं समय-समय पर यथासंशोधित अनुसार प्रतिमाह नियत समेकित वेतन **परामर्शक (लेखा)** के पूर्णकालिक पद हेतु संविदा आधार पर प्रारंभिक रूप में छः माह के लिए निर्धारित प्रारूप(आईसीएमआर-एनआईएमआर वेबसाइट पर उपलब्ध) में http://onlineapply.nimr.org.in/up लिंक के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए जाते है। **आवेदन को जमा करने हेतु ऑनलाईन लिंक दिनांक 28 सितंबर 2021 को अपराह्न 5 बजे तक उपलब्ध रहेगा।**

### अनिवार्य मानदंडः

ग्रेड पे 4600 रू. (7 वें वेतन आयोग के अनुसार पे लेवल – 7) में 15 वर्ष से अधिक का वित्त और लेखा का अनुभव रखने वाले सेवानिवृत सरकारी कर्मचारी जो मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में 3 वर्षीय बैचलर डिग्री रखते हो।

### वांछनीय मानदंडः

- ग्रेड पे 5400 रू. (7वे वेतन आयोग के अनुसार , पे-लेवल-10 ) और उससे अधिक में वित्त और लेखा कार्य का अनुभव रखने वाले सीएजी/सीजीए/सीजीडीए से सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी ।
- सरकारी लेखा प्रक्रिया/जीएफआर का गहन ज्ञान
- अंग्रेजी भाषा की अच्छी पकड़
- कम्प्यूटर एप्लीकेशन (एमएस वर्ड/पीपीटी/एक्सेल) आदि का ज्ञान

### कार्य उत्तरदायित्वः

1. आंतरिक लेखा परीक्षा का कार्य करना
2. नियुक्ति/प्रोन्नति पर वेतन का नियतन/पेंशन का सत्यापन/पेंशन परिशोधन आदि
3. सभी कराधानों (आयकर/टीडीएस/जीएसटी) का अनुपालन, सांविधिक अपेक्षाओं के साथ लेखा प्रस्तुत करने और रखरखाव करने संबंधी दायित्वों के निर्वाह में सहायता करना।

4. आकस्मिक बिलों की जाँच करना।
5. आंतरिक लेखा परीक्षा/सांविधिक लेखा परीक्षा/सीएजी लेखा परीक्षा में सहायता करना
6. सक्षम प्राधिकारी द्वारा दिए गए अन्य कार्य।

**भर्ती प्रक्रिया:**

1. आयु मानदंड और अपेक्षित शैक्षणिक अर्हताएं, अनुभव आदि रखने वाले उम्मीदवार http://onlineapply.nimr.org.in/up **लिंक के माध्यम से दिनांक 28 सितंबर 2021 अपराह्न शाम 5 बजे तक आवेदन पत्र भर सकते है। उसके बाद लिंक स्वतः ही निष्क्रिय हो जाएगा।**
2. केवल अल्पसूचीबद्ध किए गए उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।
3. साक्षात्कार में निष्पादन के आधार पर चयन किया जाएगा।
4. उम्मीदवारों को अपनी आयु, शैक्षणिक अर्हताओं, अनुभवों, प्रशस्ति पत्रों के प्रमाणों आदि की यथाविधि स्व-प्रमाणित प्रतियाँ साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करनी है, यदि साक्षात्कार हेतु बुलाया जाएगा।
5. चयनित उम्मीदवार साक्षात्कार के समय सत्यापन के लिए उल्लेखित सभी मूल दस्तावेज अपने साथ लाए।

**कृपया ध्यान दें: अल्प सूचीबद्ध किए गए उम्मीदवारों को ई-मेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा।**

**आवेदनों/नियुक्ति हेतु अन्य शर्तें एवं नियम नीचे दिए गए हैं:-**

1. परामर्शक की प्रारंभिक नियुक्ति की अवधि नियुक्ति दिनांक से छः माह के लिए होगी। प्रारंभिक नियुक्ति के समाप्त होने के पश्चात, संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर आवश्यकता के अनुसार और आईसीएमआर-एनआईएमआर एवं परामर्शक की पारस्परिक सहमति के आधार पर नियुक्ति की अवधि को आगे बढ़ाया जा सकता है।
2. परामर्शक की नियुक्ति पूर्णकालिक आधार पर है और संस्थान में नियुक्ति के दौरान उसे अंशकालिक अथवा पूर्णकालिक कोई भी कार्य करने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।
3. परामर्शक की नियुक्ति अस्थायी आधार पर है और किसी भी समय किसी तरफ से एक माह का नोटिस देकर बिना कोई कारण बताए इसे समाप्त किया जा सकता है।
4. परामर्शक को नियत समेकित मासिक पारिश्रामिक की अदायगी की जाएगी जो वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग फाईल संख्या 3-25/2020-E.IIIA दिनांकित 09.12.2020 की शर्तों में सेवा निवृत्ति के समय लिए गए वेतन से पेंशन की कटौती करके किया जाएगा। नियत पारिश्रामिक राशि में संविदा अवधि तक कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। कोई अन्य भत्ता स्वीकार्य नहीं होगा।
5. परामर्शक नैतिक कार्यो एवं व्यावसायिकता संबंधी नियमों के संबंध में संस्थान में अपनी नियुक्ति के दौरान उनके द्वारा दी जा रही सूचना/सेवा के प्रति पूर्ण रुप से उत्तरदायी होगें।
6. कार्य दिवस के दौरान समय सामान्यत: 9 बजे पूर्वाह्न से 5:30 बजे अपराह्न तक रहेगा। तथापि, कार्य की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, शनिवार/रविवार को भी कार्य करना अपेक्षित होगा।
7. परामर्शक 8 दिनों की आकस्मिक छुट्टी और 2 दिनों की प्रतिबंधित छुट्टी के अलावा किसी प्रकार की अन्य छुट्टी का हकदार नहीं होगा। .
8. **संबंधित ग्रेड-पे में अनुभव नियमित आधार पर होना चाहिए। एमएसीपी/एसीपी के अधीन मंजूर पे स्केल पर अनुभव के रुप में विचार नहीं किया जाएगा।**
9. **कार्य भार ग्रहण करने अथवा इसकी समाप्ति/पूर्ण होने पर कोई टीए/डीए/कार्यभार ग्रहण समय स्वीकार्य नहीं होगा।**
10. अपूर्ण आवेदन पत्रों या निर्धारित प्रारूप में नहीं भरे गए या बिना फोटो एवं हस्ताक्षर या अंतिम दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र को सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

11. गलत या असत्य जानकारी प्रस्तुत करने से किसी भी अवस्था में उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
12. नियुक्त व्यक्ति को भविष्य निधि, छुट्टी यात्रा रियायत, चिकित्सा दावा आदि कोई लाभ प्रदान नहीं किया जाएगा चूंकि पद पूर्ण रुप से अस्थायी आधार पर हैं।
13. आयु सीमा एवं अनुभव पर आवेदन पत्र की प्राप्ति दिनांक को विचार किया जाएगा।
14. निदेशक, एनआईएमआर के पास कारण बताए बिना किसी भी आवेदन को स्वीकार /अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है और इस मामले में किसी प्रकार का पत्राचार/सिफारिश पर विचार नहीं किया जाएगा।
15. संस्थान के पास प्रतिक्षित उम्मीदवारों हेतु पैनल तैयार करने का अधिकार सुरक्षित है जो एक वर्ष की अवधि के लिए मान्य होगा।
16. संस्थान के पास आवेदन अधिक संख्या में प्राप्त होने की स्थिति में आवेदनों की अल्प सूची बनाने हेतु मानदंड बनाने का अधिकार सुरक्षित है।
17. अल्प सूचीबद्ध उम्मीदवार और रोजगार के लिए किसी भी प्रकार का बाहरी या आंतरिक दबाव और प्रभाव डालने वाले उम्मीदवारों को अयोग्य मान लिया जाएगा। और उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से हटा दिया जाएगा।
18. किसी भी पक्ष से खराब कनेक्शन / कनेक्शन विफलता जिम्मेदारी एनआईएमआर की नहीं होगी।
19. चयनित उम्मीदवारों को एनआईएमआर के साथ संविदा नियुक्ति के समझौते पर हस्ताक्षर करने होंगे।
20. निदेशक के पास आवश्यकता अनुसार रिक्तियों की संख्या बढ़ाने/ घटाने का अधिकार सुरक्षित है।
21. शैक्षणिक अर्हता और अनुभव संबंधित विषय/क्षेत्र में और संबंधित प्राधिकरण से मान्यता प्राप्त एक प्रतिष्ठित संस्थान/संगठन से होना चाहिए।
22. केवल अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता / अनुभव को पूरा करना चयन एवं साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने की गारंटी नहीं है।
23. उपरोक्त पदों को पूरी तरह से अस्थायी आधार और अनुबंध के आधार पर भरा जाता है और उम्मीदवार को आईसीएमआर-एनआईएमआर के तहत किसी भी प्रकार के स्थायी रोजगार के लिए दावा करने या किसी अन्य परियोजना में उसकी सेवाओं को जारी रखने का कोई अधिकार नहीं होगा।
24. उपर्युक्त रिक्तियाँ, नोटिस के संबंध में कुछ जोड़/भूल-सुधार केवल https://main.icmr.nic.in/ एवं https://nimr.icmr.org.in/. वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। कोई भी पृथक अधिसूचना प्रेस में जारी नहीं की जाएगी। आवेदकों से अनुरोध है कि कृपया नियमित रूप से वेबसाइट (https://main.icmr.nic.in/and https://nimr.icmr.org.in/.) देखते रहे और अपने आप को अद्यतित रखें।
25. विज्ञापन एवं आवेदन लिंक https://main.icmr.nic.in/एवं https://nimr.icmr.org.in/ वैबसाईट पर उपलब्ध है।

निदेशक
आईसीएमआर-एनआईएमआर

**आईसीएमआर/एनआईएमआर की वैबसाईट पर दिनांक 13-09-2021 को प्रकाशित**